लोहाघाट में बनेगा प्रदेश का पहला बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज

चर्चा में क्यों?

5 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स में आयोजित समारोह में कहा कि लोहाघाट में प्रदेश का पहला बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज बनेगा, इसके लिये 500 नाली भूमि हस्तांतरण के लिये अनुमोदन दिया जा चुका है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समारोह में 37वें राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा खेल मंत्री रेखा आर्य ने मुख्यमंत्री को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिये भारतीय ओलंपिक संघ का ध्वज सौंपा, जिसे राष्ट्रीय खेल सचिवालय रायपुर में स्थापित किया गया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। गुजरात में 36वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों ने 18 पदक जीते, जबकि इस साल गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने 24 पदक जीते।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि गाँवों में ओपन जिम के लिये 10 करोड़ रुपए के बजट की व्यवस्था की गई है, जबकि विश्वविद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये सरकार पाँच प्रतिशत स्पोर्ट्स कोटे को लेकर नियमावली बनाने जा रही है।
- उन्होंने कहा कि निजी खेल क्षेत्रों के माध्यम से खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण के लिये अनुदान दिए जाने की भी व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों के लिये सरकारी नौकरी में चार प्रतिशत खेल कोटे की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-s-first-girls-sports-college-to-be-built-in-lohaghat